तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 दशहरा असत्य, अहंकार, अत्याचार व बुराई पर विजय का ...

10 सीमेंट कंपनियां बेलगाम, सरकार की बात नहीं ...


## खबर संक्षेप

### शरद पूर्णिमा कल, श्रीराम मंदिर में होगा संगीत महोत्सव



**बेमेतरा।** श्री राम मंदिर संगीत रसिक जन परिवार बेमेतरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय शरद पूर्णिमा के अवसर पर संगीत महोत्सव 16 अक्टूबर बुधवार को श्री राम मंदिर प्रांगण में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। सर्वप्रथम समूह शास्त्री कत्थक नृत्य की प्रस्तुति होगी। उसके पश्चात सुगम संगीत एवं शास्त्रीय गायन सुशील त्रिवेदी भिलाई, तबला पर संगत रामचंद्र सर्पे खैरागढ़ एवं सारंगी में सफीक हुसैन खैरागढ़ द्वारा प्रस्तुति दिया जाएगा।। कार्यक्रम का संचालन श्री रामचरितमानस संघ बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक द्वारा किया जाएगा। संगीतकार सतानंद यादव बेरा एवं पं. विश्राम मिश्रा बीजाभाठ द्वारा दीप प्रज्वलित किया जाएगा। संगीत महोत्सव में क्षेत्र के प्रसिद्ध संगीत गुरुजनों का सम्मान होगा। उक्त कार्यक्रम विगत 3 वर्षों से अनवरत जारी है। इस कार्यक्रम में समिति एवं श्री राम मंदिर परिवार के पं. शिव पाठक, नारायण पाठक, रामजी पाठक, संतोष साहू, अनिल रजक ,भागबली देवांगन, नोहर मानिकपुरी, राजेश योगी, अगम मानिकपुरी, बसंत साहू,राजा तंतुवाय, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन मानिकपुरी, धर्मेंद्र साहू, मोहन नंदवाना,पंचू साहू,रिझन सिंह सेन,देवराम साहू,दिनेश कसार, घनाराम साहू,रवि पांडेय, बाबा तंबोली, राजेश रोहरा एवं हेमंत त्रिपाठी सहित अनेक सदस्य कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे हैं।

### बघमरा-भाठापारा मार्ग की मरम्मत की मांग

**बालोद।** जिले के ग्राम बघमरा–भाठापारा जाने के मार्ग पर मुरूम गिट्टी डालने की माँग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बघमरा से भाठापारा जाने का मार्ग बहुत ही खराब हो गया है। जिससे बरसात के दिनों में पानी भर जाने की वजह से कीचड़ हो जाता है और ग्रामीणों को अपने काम, एवं अन्य कार्यों के लिये आने–जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अजय ने बताया कि इस संबंध में सन 2021 से 2023 तक ग्राम सरपंच व सचिव को आवेदन दिया जा रहा है, किन्तु उनके द्वारा कोई ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। जबकि वर्तमान वर्ष 2024 के जनवरी–फरवरी माह में राशि स्वीकृत हो गई है, फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है।

### पंचायत पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**बालोद।** जिला मनरेगा मेट संघ बालोद द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बालोद को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मनरेगा के कार्यों में क्रियान्वयन एजेंसी का पूरा सहयोग करने के बावजूद कुछ पंचायतों में जैसे ग्राम पंचायत बोरी व आश्रित ग्राम परसाही के मेट साथियों को प्रताड़ित कर कार्य से मुक्त करने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि मेटों को सरपंच द्वारा नियम विरूद्ध कार्य करने के लिए विवश करना, बिना कारण व बिना सूचना के मेटों को कार्य से निकालना, मनरेगा मजदूरों को दबाव पूर्ण ढंग से पंचायत के दूसरे कार्यों में लगाना, सरपंच द्वारा पंच के पुत्र को जबरदस्ती मोबाइल मानिटरिंग के लिए पंजीकृत करना।

आंदोलन के 22वें दिन महिलाओं के जिला मुख्यालय कूच करने से पहले प्रशासन ने की पहल

# प्रशासन ने आंदोलनकारियों से की चर्चा, कई मांगों पर सहमति, लेकिन जारी रहेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रांका पथर्रा क्षेत्र के किसान इथेनॉल प्लांट के खिलाफ बीते 22 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। जिला मुख्यालय की ओर सोमवार कूच करने की घोषणा के बाद जिला प्रशासन ने स्थिति भांपते हुए आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कई मुद्दों को उठाया जिस पर जिला प्रशासन ने 4 सप्ताह की अवधि के अंदर जांच कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने फैक्ट्री के निर्माण कार्य को इस चार सप्ताह की अवधि के लिए रोकने की मांग रखी, परंतु जिलाधीश ने इसे मानने से इंकार कर दिया। इसके कारण जिला प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सार्थक बात आगे नहीं बढ़ पाई, लेकिन कई मांगों पर दोनों पक्षों ने सहमति जताई। हालांकि आंदोलनकारी ग्रामीण जनों ने पूर्व की भांति धरना प्रदर्शन जारी रहने की बात कही।

सोमवार को कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए आमंत्रित किया। दोपहर 12:30 से कलेक्टर स्थित सभागार में बैठक प्रारंभ हुई। इसमें आंदोलनकारी किसानों ने पूर्व में दिए गए एनओसी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभागों से पुनः जांच की मांग की। आंदोलनकारियों ने कहा कि इथेनॉल प्लांट के लिए जो एनओसी प्रदान की गई, जिसमें राज्य शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) की धारा 5 के अधीन गठित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी नियम का उल्लंघन है।

## जिला प्रशासन ने 4 सप्ताह में जांच कराने का दिया आश्वासन



### धान कटाई कार्य के दौरान भी कम नहीं हो रही आंदोलनकारियों की संख्या

आंदोलनकारियों ने कहा कि लगातार धरना और प्रदर्शन के कारण प्रशासन की नींद उड़ गई है। खेतों में धान कटाई का कार्य प्रारंभ होने वाला है उसके बाद भी संख्या में कोई कमी दिखाई नहीं दे रही है। महिलाएं जनजागरण के लिए बेमेतरा कूच करने वाली थीं, जिससे घबराकर जिला प्रशासन ने आनन फानन में मिलने के लिए निमंत्रण भेजा। आंदोलनकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन से मिल कर अपनी बात रख कर प्लांट बंद करने की मांग रखी। इसके साथ ही साथ गांव के किसानों की सुरक्षा और उनके फसलों की व्यवस्था के लिए भी शासन द्वारा भरोसा दिलाया गया। आंदोलनकारी किसान जिलाधीश से चर्चा करने पर प्रसन्नता जाहिर की और पूरा माहौल सौहार्द्र पूर्ण रहा। इसके साथ ही आंदोलनकारियों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन को सतत जारी रखने का प्रण लिया गया।

### आंदोलनकारियों ने प्लांट नहीं लगाने के लिए दिए ये तर्क

इस दौरान इस मुद्दे पर चर्चा हुई कि प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट सीधे तौर पर 10 से 15 गाँव की आबादी के बीच स्थित है, जो नियम विरुद्ध है। इसके साथ ही कहा कि प्लांट के मात्र 500 मीटर के दायरे में 4 स्कूल आते हैं, जिनमें पथर्रा ,जेवरा, बसनी, मटका ग्राम के सैकड़ों बच्चे पढ़ते हैं। वहीं, लाइवलीहुड कॉलेज की दूरी भी हवाई डिस्टेंस से मात्र डेढ़ किलोमीटर पर है। उन्होंने कहा कि ग्राम पथरा में ही ओपन जेल बन रही है, जो मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। पूरे जिले के एकमात्र शासकीय बीज निगम की दूरी मात्र 100 मीटर है। ग्राम से नदी मात्र 100 मीटर की दूरी पर है जिसके प्रदूषित होने की 100 प्रतिशत आशंका है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी मात्र 200 मीटर की है, जहां मरीज सतत रूप से अपना इलाज कराने आते हैं। इसके अलावा बैठक में यह भी कहा कि शासकीय जमीनों में गैर वैधानिक कब्जा एथेनॉल प्लांट द्वारा किया गया है।

### प्रशासन पर लगाया आरोप

बैठक में शामिल किसान नेता प्रमील तिवारी ने बताया कि आन्दोलनकारियों ने ग्रामीण सड़क को उद्योगपति द्वारा उपयोग पर रोक लगाने की मांग रखी गई। इसी भांति रांका और पथर्रा दोनों जगह पर ग्रामीण सड़क पर बैरियर लगाने की मांग रखी। साथ ही रांका के खेल मैदान और पथर्रा की जमीन को प्लांट के कब्जे से मुक्त करवा कर वापस किए जाने की मांग रखी। परंतु हर मुद्दे पर प्रशासन की नीति केवल टालने की प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी। जिलाधीश ने बार बार पिरदा की विभत्स घटना का उदाहरण देकर वहां के प्लांट बंद करने की बात कहने की सख्त लहजे में निंदा की। आंदोलनकारियों ने कहा कि भगवान न करे प्लांट बंद करने के लिए कहीं भी ऐसी परिस्थिति निर्मित हो, यह गलत उदाहरण है।

# सर्पदंश से दो भाइयों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा/बेमेतरा

रविवार की रात मुख्यालय में दो भाइयों की सर्पदंश से मौत हो गई। साजा शहर के रवि शंकर नेताम उम्र 16 वर्ष शिव शंकर नेताम उम्र 12 वर्ष पिता राजेश नेताम दोनों भाइयों को रात्रि में जहरीले सांप ने डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आधी रात को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान दोनों भाइयों की मौत हो गई।

सुबह घटना की जानकारी लगते हैं पूरे शहर में शोक की लहर फैल गई। बांधा पार में झोपड़ी बनाकर रहने वाला देवार परिवार का चिराग बुझ गया। दोनों ही बच्चे स्कूली छात्र थे, जिनमें से एक कक्षा दसवीं की पढ़ाई कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर साजा विधायक ईश्वर साहू परिजनों से मिलने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। शासन की ओर से राहत राशि परिवार को दी गई।

बताया जा रहा है कि लंबे समय से परिवार आवास की मांग कर रहा था, लेकिन पट्टे की जमीन नहीं होने के कारण उन्हें आवास नहीं मिल पाया। शहर में लगभग 25 घर देवार परिवार के हैं, जिन्हें आज तक आवास की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा नहीं की गई। इस संबंध में विधायक ने नगर पंचायत अधिकारी को जगह आवंटन के संबंध में जानकारी मांगी और उनकी स्थाई व्यवस्थापन के निर्देश दिए।



# श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला पंचायत सीईओ अग्रवाल ने दिखाई हरी झंडी

श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल सोमवार को रवाना हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल और उप संचालक, समाज कल्याण विकास बरखा कासू सुबह कलेक्टोरेट परिसर से तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी यात्री श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर चिकित्सक, सीईओ जनपद सहित कर्मचारी उपस्थित थे। राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं जिन्हें वे सामान्यतः आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते।श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

### अयोध्या रवाना हुए जिले के 77 दर्शनार्थी

**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के अयोध्या धाम श्री रामलला दर्शन के लिए दुर्ग संभाग व बस्तर संभाग से 850 दर्शनार्थियों को भेजा गया। इसके तहत 14 अक्टूबर को जिले से 77 दर्शनार्थियों के जत्थे ने आयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया।

# चेचानमेटा में दशहरा के दौरान मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- विधायक के पुत्र के खिलाफ साजा थाने में शिकायत

साजा विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर नए विवाद के कारण सुर्खियों में आ गया है। ताज़ा मामला दशहरा के दिन का बताया जा रहा है, जहाँ बहुचर्चित बिरनपुर गाँव के निकटस्थ ग्राम चेचानमेटा में साजा विधायक ईश्वर साहू के पुत्र पर आदिवासी समाज के युवक के साथ जातिगत गालीगलौज एवं कथित मारपीट का आरोप लगा है। इस मामले में पीड़ति व्यक्ति ने साजा थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करने के साथ ही विधि संगत कार्रवाई नहीं होने पर तहसील आदिवासी संघ साजा द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गयी है।

साजा थाना अंतर्गत चेचानमेटा गाँव निवासी प्रार्थी मनीष मण्डावी पिता गोविंद मण्डावी द्वारा दिए शिकायत पत्र के अनुसार 13 अक्टूबर को विजयदशमी की रात गाँव में स्थानीय राहुल ध्रुव एवं विधायक पुत्र कृष्णा साहू के बीच विवाद चल रहा था। इसी बीच प्रार्थी ने बीच बचाव की कोशिश की। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि कृष्णा साहू ने उसके साथ जातिसूचक अपशब्द कहते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। इससे कृष्णा के हाथ में पहने ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



# बूढ़ापारा धरनास्थल पर बना रहे वेंडिंग जोन, 12 वेंडरों को मिलेगा स्पेस, निर्माण पर ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम ने बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल और जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने ऑनलाइन टेंडर राघव एसोसिएट्स को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी इन दिनों पुराने धरनास्थल के पास वेंडिंग जोन बनाने के काम में जोर-शोर से जुट गई है। यहां पर 12 पंजीकृत वेंडरों को वेंडिंग जोन में स्पेस दिया जाएगा। 10 बाई 10 आकार के वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिए जाएंगे। इसका किराया अभी तय नहीं हुआ है। जोन-4 की वेंडिंग कमेटी इसका किराया तय करेगी। वहीं कचरा डंपिंग जोन के पास वेंडिंग जोन बनने से पहले ही इसका विरोध शुरू हो गया है।

राजधानी के सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम शहर में दर्जनभर स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने जा रहा है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में जब्बार नाले के पास वेंडिंग जोन बनाने एजेंसी तय की गई है। एजेंसी को 3 माह समय वेंडिंग जोन बनाने दिया गया है। संबंधित एजेंसी ने बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल पर वेंडिंग जोन बनाना शुरू दिया है। वेंडिंग जोन में 12 पंजीकृत वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट किराये पर दिए जाएंगे। प्रति कॉर्ट एक लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने कहा, बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने की कोई तुक नहीं है। कचरे की बदबू से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। इससे लोगों की सेहत प्रभावित होगी। वहां प्रॉपर पार्किंग स्पेस नहीं है, इसलिए लोग गाड़ियां सड़क पर खड़ी करेंगे, ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या फिर से शुरू हो जाएगी।

## रायपुर स्मार्ट सिटी ने वेंडिंग जोन बनाने राघव एसोसिएट्स को दिया ठेका

### निर्माण से पहले विरोध के स्वर

सदर-विवेकानंद वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई का कहना है, पहले वहां से नगर निगम एसएलआरएम सेंटर हटाए, बाद में वेंडिंग जोन बनाए, क्योंकि धरनास्थल के पास नगर निगम का कचरा डंपिंग जोन बना है, जहां पर रोजाना 100 से अधिक गाड़ियां शहरभर का कूड़ा-करकट लेकर डंप करने आती हैं। ऐसी जगह पर वेंडिंग जोन बनाना जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। डंपिंग जोन से उठने वाली बदबू इतनी ज्यादा रहती है कि कोई वहां बैठ भी नहीं सकता। वेंडिंग जोन के बाजू में खाने-पीने वालों के बैठने के लिए शेड बना रहे हैं, वहां बैठकर लोग खाना खाएंगे तो वायरस उड़कर सीधे खाद्य सामग्री में मिलेगा। इसलिए यहां वेंडिंग जोन का कोई औचित्य नहीं है। सभापति प्रमोद दुबे के कक्ष में जब वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई, तब मैंने इसका विरोध भी किया था।



## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं को बांटी साड़ी

**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड-43 के पार्षद जितेंद्र अग्रवाल का जन्मदिन उनके कार्यालय में समस्त कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर पार्षद ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को भेंट स्वरूप साड़ी वितरित की। कार्यक्रम में वार्ड की सभी महिला कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### बाबा सिद्दीकी ने छग में किया था कांग्रेस का प्रचार

**रायपुर।** महाराष्ट्र के दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का छत्तीसगढ़ रायपुर से भी सियासी नाता रहा है। विधानसभा चुनाव-2023 और लोकसभा चुनाव-2024 में उन्हें रायपुर की अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। रायपुर कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद बाबा सिद्दीकी रायपुर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे, जहां चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। वे चुनाव के दौरान सितंबर और नवंबर में रायपुर आए थे। इस दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ बैठक भी की थी। छत्तीसगढ़ मुंबई में महाराष्ट्र के राजनेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनको गोली लगने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## 5 से 10 रुपए बढ़ाए दाम, दस रुपए और बढ़ाने की तैयारी

# सीमेंट कंपनियां बेलगाम, सरकार की बात नहीं मानी, फिर बढ़ा दिए दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां अब भी बेलगाम हैं। प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश थे कि सरकार की मंजूरी के बिना कीमत में इजाफा नहीं करना है, इसके बावजूद कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। दस रुपए दाम और बढ़ाने की तैयारी चल रही है। वैसे कंपनियां अब भी उसी 50 रुपए की बढ़ी कीमत पर बिलिंग कर रही हैं, जो कीमत सितंबर में बढ़ाई गई थी, लेकिन चौतरफा दबाव में 45 रुपए दाम कम कर दिए गए थे। स्कीम देकर कंपनियां डीलरों को कम कीमत पर माल दे रही हैं, लेकिन अब स्कीम बंद करके दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है। कीमत में वापस 50 रुपए तक का इजाफा करने की तैयारी है। नान ट्रेड सीमेंट की कीमत तो 30 रुपए ही कम की गई है। अब भी इसके दाम 20 रुपए ज्यादा है। इसे कम न करने का फैसला कंपनियां कर चुकी हैं। सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर किसी भी तरह का अंकुश प्रदेश सरकार का नहीं है। यही वजह है कि कंपनियां जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नान ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी। कंपनियों ने सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी जहां खुले बाजार के सीमेंट के दाम 45 रुपए ही कम किए, वहीं नान ट्रेड में कीमत 30 रुपए ही कम की।



### बढ़ा दिए दाम


मानसून की बारिश थमने के बाद अब नवरात्रि से लगातार निर्माण कार्य होने लगे हैं। ऐसे में सीमेंट की डिमांड अपने राज्य के साथ ही बाहर के राज्यों से आने लगी है तो सीमेंट कंपनियों ने वापस दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ कर दिया है। ज्यादातर कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। इसी के साथ अगले सप्ताह दस रुपए दाम और बढ़ाने की तैयारी है। दाम बढ़ाने से पहले किसी भी तरह से सरकार से मंजूरी नहीं ली गई है।

### बिलिंग में खेल

सीमेंट का कारोबार करने वालों के मुताबिक, बिलिंग में तो खेल हो रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद कंपनियों ने दाम कम करने की बात जरूर की, लेकिन बिलिंग आज भी पहले के बढ़े हुए दाम पर ही हो रही है। ज्यादातर कंपनियां 300 से 320 रुपए की बिलिंग कर रही हैं। जबकि कीमत कम होने के बाद दाम 250 से 285 रुपए हो गए हैं, लेकिन कंपनियां डीलरों को स्कीम देकर दाम कम कर दे रही हैं। अब स्कीम में कटौती करके दाम बढ़ाने का क्रम प्रारंभ हो गया है। जानकारों का कहना है, आने वाले समय में कंपनियां वापस 50 रुपए तक दाम बढ़ा देंगी।

# प्रायवेट कॉलेजों में एमबीबीएस की 67, बीडीएस की 275 सीटें खाली, मॉपअप एडमिशन 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- दोनों पाठ्यक्रम मिलाकर सरकारी कॉलेजों में 26 सीटें बाकी

हरिभूमि फॉलोअप

दो दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 67 और बीडीएस की 275 सीटें खाली हैं। मॉपअप राउंड में संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और मेरिट लिस्ट के बाद एडमिशन 16 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। दोनों पाठ्यक्रमों में सरकारी कॉलेजों में कुल 26 सीटें बाकी हैं।

विभिन्न अड़चनों के बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग एमबीबीएस और बीडीएस के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। दो राउंड के बाद भी निजी कॉलेजों में दोनों पाठ्यक्रमों की बड़ी संख्या में सीटें बाकी हैं। इसमें एमबीबीएस एडमिशन को लेकर अभी चर्चा में आए एनआरआई कोटे की 10 सीटें भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 सीटें मैनेजमेंट कोटे की हैं, जिसमें एडमिशन के लिए अक्सर मोटी फीस वसूले जाने की चर्चा होती रहती है। निजी मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटे की महज दर्जनभर सीटें शेष हैं। इसी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की केवल पांच और शासकीय डेंटल कॉलेज में 21 सीटें खाली हैं। निजी दंत महाविद्यालयों में 275 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा किया जाना है, जो बड़ी चुनौती है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के शेड्यूल के अनुसार च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा और 16 से 21 अक्टूबर तक एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद जरूरत हुई तो स्ट्रे राउंड भी आयोजित किया जाएगा।

### भवन निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रमन मंदिर वार्ड में इंदिरा आवास कॉलोनी के शिव मंदिर गार्डन के पास सांसद निधि से भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व सांसद सुनील सोनी और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया। सांसद निधि से सुनील सोनी ने नागरिकों की मांग पर 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौड़, मोहन एंटी, गोरेलाल नायक, अरविंद जैन, विष्णु नामदेव, धनेश साहू, केदार यादव, बृजेश रावत सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# प्रबंधन की सख्ती के बाद ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत हर माह बचेंगे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- दो साल से बंद पड़ा था प्लांट, गंभीर मरीजों के लिए खरीदनी पड़ रही ऑक्सीजन
- ब्लैक लिस्ट करने और एफआईआर की धमकी के बाद हरकत में आई एजेंसी

ब्लैक लिस्ट करने तथा एफआईआर कराने की सख्त हिदायत देने के बाद संबंधित ठेका एजेंसी ने डीके अस्पताल के बिगड़े ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने का काम शुरू कर दिया है। जल्द ही अस्पताल के प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन की मदद से गंभीर मरीजों को राहत मिलने लगेगी। साथ ही प्रबंधन को हर महीने 15 लाख रुपए की बचत होगी, जिसे ऑक्सीजन खरीदने में खर्च किया जा रहा है।

डीके अस्पताल के पास अपने खुद का ऑक्सीजन प्लांट है, जिसके माध्यम से वह अपने मरीजों को कोरोनाकाल में ऑक्सीजन देकर राहत पहुंचा रहा था, साथ ही अन्य अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सप्लाई की जा रही थी। तकरीबन दो साल पहले इस प्लांट में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। प्लांट को सुधारने का काम सीजीएमएससी के माध्यम से एक एजेंसी को दिया गया और उसे दो बार करीब 66 लाख रुपए का भुगतान ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने के लिए दिए गए, मगर प्लांट शुरू नहीं हो पाया था। अस्पताल प्रबंधन इस समस्या को दूर करने के लिए पत्र व्यवहार के साथ हर महीने करीबन 15 लाख रुपए ऑक्सीजन की व्यवस्था पर खर्च कर रहा था, जो अब तक जारी है। महीनेभर पहले मामले की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर मामले में एफआईआर कराने के निर्देश जारी किए गए। एजेंसी पर इस चेतावनी का तत्काल असर हुआ और उसने प्लांट का काम फिर से शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में प्लांट से उत्पादित ऑक्सीजन से यहां भर्ती मरीजों को राहत मिलने लगेगी और इस पर खर्च होने वाली बड़ी राशि की भी बचत प्रबंधन को होगी।

### कंडम न हो जाए दूसरा प्लांट

कोरोनाकाल के दौरान अस्पताल भवन के पिछले गेट की ओर पीएम केयर फंड से एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। महामारी खत्म होने के बाद भी यह शुरू नहीं हो पाया, उल्टे देखरेख के अभाव में यह झाड़ियों के बीच दबकर रह गया है। इस प्लांट के उपयोग के लिए अनुमति मांगने की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### जल्द मिलेगी सुविधा

बंद प्लांट की मरम्मत का काम संबंधित एजेंसी पूरा कर रही है। जल्द ही इससे मिलने वाली ऑक्सीजन का उपयोग मरीजों के इलाज के लिए किया जाएगा।

**- डॉ. हेमंत शर्मा,** उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### 49 लाख रुपए की जियो लाइट

जानकारी के अनुसार, प्लांट के रखरखाव के लिए करीब 17 लाख रुपए दिए गए थे। इसके बाद प्लांट में लगने वाली जियो लाइट के लिए 49 लाख रुपए भुगतान किया गया था। संबंधित एजेंसी ने यह उपकरण तो लगाया, मगर इसकी क्षमता इतनी कम थी कि प्लांट नियमित रूप से ऑक्सीजन तैयार नहीं कर पा रहा था। मजबूरन अस्पताल प्रबंधन को दूसरी एजेंसी से ऑक्सीजन खरीदनी पड़ रही थी।

- सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानीवासियों को दी सौगात

# पहाड़ी तालाब, छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा रहे मौजूद

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को पहाड़ी तालाब और छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से 2 करोड़ 88 लाख रुपए में तालाब गहरीकरण, 3 घाटों का निर्माण, ऑक्सीजोन, योग एरिया सहित 5 मुख्य द्वार बनाने का कार्य कराया गया है।

पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड स्थित पहाड़ी तालाब के सौंदर्यीकरण और शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 93 लाख रुपए खर्च कर तालाब गहरीकरण, स्टोन पीचिंग, पाथवे, लाइटिंग सहित विविध सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इन 2 तालाबों को सुंदर स्वरूप में विकसित कराने के बाद शहरवासियों को इसकी सौगात दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, चंद्रपाल धनगर, पार्षद सरिता वर्मा, सरिता दुबे, उत्तम साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व जोन अध्यक्ष सालिक सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल, नगरीय प्रशासन संचालनालय तकनीकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, निगम के मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती सहित आमजन उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस ट्रेनों में नवंबर से चार जनरल कोच की सुविधा, भीड़ से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आगे और पीछे के हिस्से में होंगे दो-दो जनरल कोच
- दो महीने पहले रेलवे ट्रेनों में कोच लगाने की कर चुका है घोषणा, नवंबर से जुड़ जाएंगे नए कोच

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की दर्जनभर से अधिक ट्रेनों में रेलवे प्रशासन नवंबर माह से जनरल कोच की संख्या बढ़ाने जा रहा है, जिससे जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में जोन की एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या 2 से 3 है, जबकि रेलवे के नियमानुसार ट्रेनों में 6 जनरल कोच होने चाहिए, लेकिन रेलवे ने कोरोना के बाद से कोच घटा दिए थे। अब फिर से कोच जोड़ने की कवायद की जा रही है। बता दें कि जनरल कोच में जगह नहीं मिलने पर यात्री स्लीपर कोच में जबरिया चढ़ते हैं। इसके कारण आए दिन विवाद भी होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए एक-एक कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों में पहले से एक-एक जनरल कोच है, जो ट्रेन के आगे व पीछे जुड़ते हैं। दो अतिरिक्त कोच ट्रेन के इसी हिस्से में जोड़े जाएंगे।

मंडल में अभी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, एर्नाकुलम एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, चेन्नई एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें एलएचबी कोच के साथ दौड़ रही हैं। अतिरिक्त कोच इन्हीं में जोड़ने की तैयारी है। इस माह के अंत तक कुछ ट्रेनों में कोच जुड़ जाएंगे और बाकी ट्रेनों में नवंबर तक कोच जोड़ने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



### इन ट्रेनों में फिलहाल नहीं लगेंगे कोच

बिलासपुर से वैसे तो लगभग 17 ट्रेनें छूटती हैं, पर अभी कुछ ट्रेनें पुराने नीले रंग के कोच से चलती हैं। इनमें अभी चार जनरल कोच की सुविधा लागू नहीं होगी। हालांकि आगामी दिनों में यह भी एलएचबी कोच के साथ चलेंगी। रेलवे का यह निर्णय है कि सभी ट्रेनों को एलएचबी कोच से चलाकर यात्रियों राहत दी जाए। जिन ट्रेनों में एलएचबी कोच नहीं है, उनमें बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं।

# भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले अब रीडर की आईडी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजस्व न्यायालय की प्रक्रियाओं में सुधार और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब राजस्व न्यायालय में प्राप्त होने वाले अ-6 और अ-27 आवेदनों की एंट्री, नामांतरण पंजी में दर्ज करने की सुविधा रीडर आईडी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। यह बदलाव न केवल आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुचारू बनाएगा, बल्कि न्यायिक कार्यों की गति को भी बढ़ाएगा।

### क्या है अ-6 और अ-27 आवेदन

अ-6 और अ-27 आवेदन, राजस्व संबंधी कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इन आवेदनों के माध्यम से भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले दर्ज किए जाते हैं। नामांतरण के मामलों में अ-6 आवेदन का उपयोग किया जाता है, जबकि अ-27 आवेदन किसी विशेष आदेश के आधार पर दाखिल होता है। इन आवेदनों की एंट्री नामांतरण पंजी में दर्ज होने के बाद ही राजस्व अभिलेखों में संशोधन किया जाता है।

- पहले यह काम तहसीलदार की आईडी से होता था
- अब काम में आएगी तेजी, लंबित मामले भी निपटेंगे



फाइल फोटो

### रीडर आईडी से एंट्री की नई सुविधा

पहले इन आवेदनों की एंट्री केवल कुछ अधिकृत अधिकारियों द्वारा ही की जाती थी, जिसके कारण प्रक्रिया में विलंब होता था। अब रीडर आईडी के माध्यम से यह कार्य आसानी और शीघ्रता से किया जा सकेगा। रीडर न्यायालय में काम करने वाला एक महत्वपूर्ण कर्मचारी होता है, जो न्यायालय की प्रक्रियाओं को संभालता है और दस्तावेजों का प्रबंधन करता है। रीडर आईडी को एंट्री की सुविधा देने से न केवल न्यायालय के कामकाज में तेजी आएगी, बल्कि लंबित मामलों को भी तेजी से निपटाया जा सकेगा।

### इस बदलाव के लाभ

प्रक्रिया में तेजी: रीडर आईडी के माध्यम से नामांतरण पंजी में अ-6 और अ-27 की एंट्री की सुविधा से आवेदन प्रक्रियाएं तेजी से पूरी होंगी। इससे लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और किसानों तथा भूमि मालिकों को समय पर न्याय मिलेगा। डिजिटल एंट्री की सुविधा से नामांतरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सकेगा। रीडर आईडी से एंट्री होने पर प्रत्येक कदम का रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की गलती को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

# प्रदेशभर में 20 से कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करेंगे पायलट और बैज

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और उपचुनाव से पहले कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को चार्ज करने जा रही है। 20 अक्टूबर से कांग्रेस का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू होगा। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। अब कार्यकर्ताओं की निराशा दूर करने के लिए प्रदेशभर में सम्मेलन किए जाएंगे, ताकि आने वाले निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रीचार्ज किया जा सके। कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत और एक्टिव करना चाह रही है। दो चुनावों में मिली निराशा के बाद कार्यकर्ताओं में पार्टी फिर से जोश भरना चाहती है।

### जीतने वाले प्रत्याशी को ही देंगे टिकट

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। बाहरी प्रत्याशियों की दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा, कांग्रेस में सभी को टिकट मांगने का हक है। राजनांदगांव और अन्य स्थानों के नेताओं ने भी टिकट मांगा है, लेकिन टिकट किसी एक को दिया जाएगा और जीत की क्षमता देखकर ही टिकट देंगे।

# नई अध्यक्ष के लिए पीएससी में बड़ी चुनौती, विवादों से दामन साफ रखने के साथ थोक में पूरे करने होंगे अटके काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक साल बाद पीएससी को नया कार्यकारी अध्यक्ष मिला है। सरकार ने आदेश जारी करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रीता शांडिल्य को पीएससी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति इसलिए भी अहम है, क्योंकि कुछ दिनों के अंतराल में मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के लिए साक्षात्कार होने वाले हैं। कुछ दिनों पूर्व मेंस के परिणाम जारी करने के साथ ही पीएससी ने इंटरव्यू की तारीखों का भी ऐलान किया था। पीएससी 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक साक्षात्कार आयोजित करने जा रहा है। पूर्व में हुए विवाद को देखते हुए साक्षात्कार से पहले स्थायी अध्यक्ष की मांग की जा रही थी। पीएससी को नया अध्यक्ष तो मिल गया है, लेकिन यह भी स्थायी न होकर कार्यकारी ही है।

- मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के लिए 15 अक्टूबर से प्रारंभ होगा साक्षात्कार

पीएससी भर्ती परीक्षा 2022 में भर्तियों में लेन-देन के आरोप लगे थे। तत्कालीन अध्यक्ष टॉमन सिंह सोनवानी को उनके पद से हटाने के बाद बीते वर्ष अक्टूबर में प्रवीण वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष का प्रभार दिया गया था। वे इस पद पर एक वर्ष तक रहे। इसके पहले वे पीएससी के सदस्य भी रह चुके हैं। चूंकि उनकी नियुक्ति कांग्रेस कार्यकाल में हुई थी, इसलिए उन्हें हटाने की मांग भी बीच-बीच में की जाती रही है। अब नई अध्यक्ष आ गई हैं, लेकिन उनके सामने दामन साफ रखने समेत कई तरह की चुनौतियां रहेंगी।

## डॉ. रीता शांडिल्य को बनाया गया है पीएससी का नया अध्यक्ष

### कैलेंडर के लिए मंगाए थे प्रस्ताव

स्थायी अध्यक्ष नहीं होने के कारण पीएससी के कार्य अटके हुए हैं। इनमें से एक पीएससी की महत्वकांक्षी योजना है शैक्षणिक कैलेंडर। पीएससी द्वारा यूपीएससी की तर्ज पर पूरे वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करने की योजना थी, ताकि छात्रों को पूरे वर्ष की परीक्षाओं की जानकारी सत्र की शुरुआत में ही मिल जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों से रिक्त पदों की जानकारी भी मांगी गई थी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, विभाग द्वारा इसके लिए जानकारी तो भेज दी गई है, लेकिन अब तक पीएससी इसे शेड्यूल करते हुए कैलेंडर तैयार नहीं कर सका है। नए अध्यक्ष के आने के बाद जल्द ही इस कैलेंडर के जारी होने की उम्मीद है।




### कम किए गए साक्षात्कार के अंक

विवादों के बाद पीएससी में इंटरव्यू के अंक घटाए गए हैं। पूर्व में 150 अंकों के लिए साक्षात्कार होते थे। अब 100 अंकों के लिए ही इंटरव्यू होंगे। नए पैटर्न पर पहली बार साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान ही अपने करीबियों को अधिक अंक देकर उन्हें अच्छे रैंक प्रदान करने के आरोप लगते रहे हैं। 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे इंटरव्यू के लिए अब नए अध्यक्ष द्वारा पैनल बनाए जाएंगे, जो यह प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने कहा- कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भारतीय जनता पार्टी को आतंकवाद की पार्टी कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह है। आज सबको मालूम है कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी थी, जो एक समय एकछत्र राज करती थी। उन्हीं के प्रधानमंत्री और उन्हीं के मुख्यमंत्री सभी प्रदेशों में होते थे। आजादी के 75 वर्षों में अधिकांश समय उन्होंने राज किया, लेकिन उनकी गलत नीतियों, शोषण, भ्रष्टाचार के कारण देश की जनता का ये लोग विश्वास खो चुके हैं। ये पार्टी आज सिकुड़ती जा रही है और यह लोग कुछ भी बोल रहे हैं। इसका कोई अर्थ निकालने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार करप्शन के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

### गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी का नए स्वरूप में होगा विकास

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेले में शामिल हुए। उन्होंने सतनामी समाज गुरुगद्दी आसन के दर्शन और पूजा कर प्रदेशवासियों की खुशहाली तथा सामाजिक समरसता की कामना की। उन्होंने सतनामी समाज के गुरुओं को सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रेरणास्त्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी धाम को सजाने-संवारने के लिए कई कार्यों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष आयोजित भंडारपुरी मेले के लिए हर साल 20 लाख रुपए और मेला स्थल के विकास के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की।

पेज 9 का शेष

### चेचानमेटा में ...

चूड़े से प्रार्थी मनीष के सिर में काफी चोट आई है। उसके बाद प्रार्थी ने इस मामले में थाना साजा में कृष्णा साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं अब इस मामले में स्थानीय तहसील आदिवासी संघ की भी एंट्री हो गयी है। समाज ने समय पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की बात कही है। इस संबंध में समाज ने कलेक्टर और एसपी को आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में पुलिस पर राजीनामा करने के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया है।

## शरद पूर्णिमा पर घर समेत चौक-चौराहों पर बनाई जाएगी खीर

# शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष श्रृंगार चांद की रोशनी में बनेगी खीर, औषधि भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आश्विन शुक्ल पक्ष पर बुधवार को शहर में चावल की खीर बनाकर शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के बाद मंदिरों में पूर्णिमा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। रात्रि 12 बजे भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाया जाएगा, जिसके बाद लोगों को प्रसाद वितरण करेंगे। शहर में परंपरा अनुसार घर समेत चौक-चौराहों में चंद्रमा की रोशनी के अमृत वर्षा के लिए रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी।

वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन 17 अक्टूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। इस दिन चंद्रोदय शाम को 05 बजकर 05 मिनट पर होगा। महामाया मंदिर में लगभग 30 किलो दूध से खीर व रबड़ी बनाई जाएगी। पुजारी ने बताया कि 11 बजे माता का विशेष श्रृंगार किया होगा, जिसके बाद 12 बजे से महाआरती होगी। माता को खीर का भोग लगाने के बाद प्रसाद भक्तों को वितरित करेंगे। अगले दिन सुबह भी भक्तों को खीर का प्रसाद दिया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्राचीन मंदिरों में भी खीर बनेगी।

### फूलों से जुगलजोड़ी का करेंगे श्रृंगार

पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा के बाद भक्तों को खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार की तैयारी है। देर रात तक भगवान के दर्शन करने मंदिर मठ खुला रहेगा। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद में खीर दी जाएगी।इसके अलावा टाटीबंध के इस्कॉन मंदिर, समता कालोनी के राधाकृष्ण और खाटू वाले श्याम बाबा व जवाहर नगर के राधाकृष्ण मंदिर में जुगलजोड़ी सरकार का विविध फूलों से मनमोहक श्रृंगार के बाद चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का भोग लगाया जाएगा।



### गायत्री शक्तिपीठ में आयुर्वेद पद्धति से बनाऐगी खीर

शरद पूर्णिमा के अवसर पर समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयुर्वेद पद्धति से खीर बनाई जाएगी। गायत्री परिवार के आयुर्वेद जानकार का कहना है कि शरद पूर्णिमा को रात में खीर खाने का अधिक महत्व होता है। इस दिन औषधियुक्त खीर बनाई जाती है। जो आम लोगों की विभिन्न बीमारियों से रक्षा करती है। इस तरह के खीर सेवन से महिलाओं को स्वास्थ्यगत समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

### अस्थमा और दमा मरीजों को बांटी दवा

रामकृष्ण जनसमूह ट्रस्ट द्वारा लाखेनगर में अस्थमा और दमा मरीजों को दवा बांटकर शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष जड़ी-बूटी युक्त दवाओं का वितरण किया जाता है। रात्रि 9 बजे मंडली द्वारा भजन कृर्तन कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात 12 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान आम लोगों को जड़ी-बूटियों से मिश्रित खीर के साथ कमरदर्द, पीलिया, श्वांस, दमा, पथरी, बेमची समेत अन्य बीमारियों से निजात दिलाने निशुल्क प्रसाद वितरित होगा। सालों से शहर में यह परंपरा चली आ रही है।

### कालीबाड़ी में माता लक्ष्मी की पूजा

बंगाली समाज में कालीबाड़ी स्थित मंदिर में शाम 7 बजे लक्ष्मी माता की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद रात में खीर बनाकर वितरित की जाएगी। मंदिर के सदस्य ने बताया कि बंगाली में दीपावली के दिन होने वाली पूजा शरद पूर्णिमा के दिन भी की जाती है। इस दिन से माता लक्ष्मी घर में पधारती हैं। पूजा का भी विशेष महत्व होता है। मंदिर के अलावा शहर में बंगाली समाज के घरों में पारंपरिक रंगोली व माता की विशेष पूजा होगी।

## ज्योतिष सम्मेलन में देशभर से पहुंचे विद्वतजन



**रायपुर।** अम्लेश्वर स्थित श्री महाकालधाम में रविवार को विराट ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का ऐसा आयोजन दूसरी बार हुआ, जो ज्योतिष मनीषियों के लिए ऐतिहासिक और सार्थक साबित हुआ। इस विराट ज्योतिष सम्मेलन में देशभर के सभी विख्यात ज्योतिषी, वास्तु शास्त्री, आचार्य, महामंडलेश्वर और महंत शामिल हुए। कार्यक्रम में पहले भगवान महाकाल का राजसी श्रृंगार किया गया। फिर महाकाल की आरती पुण्य मुहूर्त में हुई। इसके बाद देश के सभी हिस्सों से पधारे विद्वानों ने अपने व्याख्यान और शोधपत्र पढ़े। टैरो कार्ड रीडर आकांक्षा ने भविष्यवाणी की कि देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, मगर तनाव बना रहेगा। मोदीजी आगे भी अपने पद पर बने रहेंगे। वही डॉ. राजेश ताम्रकार ने कहा कि, राहु एक अद्भुत ग्रह है, जातक को जबरदस्त लाभ दे सकते हैं। जबलपुर से आए डॉ. सुनील दुलहानी ने कहा कि सनातन वैदिक ज्योतिष को सामान्य जातकों के समाधान के पांच ही मार्ग हैं। मंत्र, जप, दान, स्वाध्याय, सत्संग और यज्ञ। ज्योतिष और ज्योतिषियों को इसका दृढ़ता से पालन करना चाहिए। वहीं डॉ. शिखा पांडे ने अंगारक दोष, पितृदोष, चांडाल दोष पर गंभीर और सारगर्भित बातें बताईं और कहा कि इन दोषों की विधिवत शांति करा लेनी चाहिए। महाकाल धाम अम्लेश्वर के पं. प्रियाशरण त्रिपाठी इस सम्मेलन के बारे में चर्चा की।

*ज्योतिषियों का हुआ सम्मान : इस भव्य और दिव्य आयोजन में देश के विख्यात ज्योतिषियों को ज्योतिष भास्कर, ज्योतिष शिरोमणि, ज्योतिष सम्राट और ज्योतिष भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही कर्मकांड के प्रखर विद्वानों को संत, राजर्षि, देवर्षि तथा ब्रह्मर्षि की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।*

## आरडीए कॉलोनी में सात सौ परिवारों के लिए खतरा बने प्राइवेट कॉलोनी के टीसी मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में बिजली व्यवस्था के लिए केबल को जहां अंडरग्राउंड किया जा रहा है। वहीं आउटर इलाके बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में रहने वाले सात सौ परिवारों के लिए टेम्परेरी कनेक्शन यहां-वहां खींचे गए केबल से अभी तक राहत नहीं मिली है। आरडीए कॉलोनी के बिजली पोल में लटकाए गए टीसी मीटर हटाने के लिए कई बार शिकायत करने पर भी सुधार नहीं हो रहा है। इसे हटवाने के लिए कॉलोनीवासियों ने कई बार बिजली कंपनी के अधिकारियों को आवेदन दिए, लेकिन समाधान नहीं किया गया है।

राजधानी के बोरियाखुर्द में आरडीए ने बहुमंजिला कॉलोनी बनाने के बाद फ्लैट को सात सौ परिवारों को हैंडओवर किया है। जहां रहने वाले परिवारों के लिए विगत पांच साल से कॉलोनी के पास स्थित एक प्राइवेट कॉलोनी में रहने वाले 50 परिवारों को टेम्परेरी बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। यहां आरडीए द्वारा लगाए गए बिजली खंबों पर दर्जनों मीटर लटके हैं। सर्विस तार को भी काफी नीचे से कॉलोनी तक ले जाया गया है। इससे आने-जाने वाले लोगों



को भी करंट का खतरा सताने लगा है। कई बार अचानक केबल टूटकर गिरने से लोग बाल-बाल बचे हैं। इसके बाद भी स्थाई विकल्प नहीं किया गया है। कॉलोनी के रहवासी अशफाक दानी, सुभाष विश्वकर्मा और जमाल खान ने इस मामले को लेकर कई बार बिजली महकमे में शिकायत की है।

### हमें जानकारी नहीं

जिस कॉलोनी की समस्या बता रहे हैं। वहां के लोगों द्वारा अगर शिकायत की गई है तो उसे को संज्ञान में लिया जाएगा। हालांकि इस तरह की शिकायत मेरी जानकारी में नहीं है।

**- जेएस नेताम,** *मुख्य अभियंता सीएसईबी, रायपुर*

## सिंधी काउंसिल : छत्तीसगढ़ युवा विंग की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की युवा विंग छत्तीसगढ़ इकाई ने आगामी सत्र के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी की टीम की घोषणा की, जो अपनी नेतृत्व क्षमता से संगठन को और शक्तिशाली बनाएगी।

नवघोषित कार्यकारिणी में राज्य अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी, महासचिव गौतम रेलवानी, कोषाध्यक्ष नरेश पंजवानी, सह-कोषाध्यक्ष डॉ. निखिल मोतीरमानी, यूथ मेंटर सुनील वाधवा को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष आशीष वासवानी, संदीप थौरानी, विनय नागदेव, अमित जगवानी, सनी कुकरेजा, मनीष थारानी, जय केशवानी, जय कुमार रेलवानी, गौरव पंजवानी, धीरज जसवानी, राज्य सचिव अविनाश खेतपाल, सुरेश वासवानी, भीष्म नारायण हबलानी, अमित मंधान, रितेश रंगलानी, दिनेश तरवानी, राजकुमार मनवानी, विकेश डोडई, गोविंद सचकपूर, जीतेंद्र मंगतानी, मीडिया वाट्स एप रोशन आहूजा, मीडिया सोशल बाबू खेमानी, मीडिया प्रेस और अन्य जतिन नचरानी और विशेष आमंत्रित सदस्य विक्रम मंधान, मनीष राजपाल, विक्रम तलरेजा, मुकेश मोटवानी, हिमांशु माखीजा, गौरव सिहानी, विजय झाम्बिया, मोहित विद्धानी आदि शामिल हैं।

## पुण्य के उदय से प्राप्त होता है साधु का दर्शन : मुनिश्री विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास-2024 की प्रवचनमाला जारी है। रविवार को महामंगलकारी शाश्वत नवपद ओली की आराधना का पांचवा दिन रहा। पांचवे दिन साधुपद की आराधना की गई। ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि साधु का दर्शन भी पुण्य के उदय से प्राप्त होता है। यदि साधु का दर्शन हो गया और साधु द्वारा नवकार मंत्र कान में



पड़ गया तो जीवन सुधर जाएगा और आने वाला भव भी सुधर जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नवपदजी भगवंत को एक श्रेणी में रख दिया जाए तो आज का दिन जो है, वह नवपदजी के केंद्र में विराजमान साधुपद है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर

# भाजपा का सदस्यता अभियान अब 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का सामान्य सदस्य बनाने का अभियान दो दिन बाद 15 अक्टूबर को समाप्त होना है, लेकिन अब तक भाजपा 60 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर है। ऐसे में अब प्रदेश संगठन ने फैसला किया है कि सदस्यता अभियान को सक्रिय सदस्यता वाले अभियान के साथ-साथ 31 अक्टूबर तक चलाया जाए और लक्ष्य तक पहुंचा जाए। इस समय ऑफलाइन सदस्य बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है। जिनके पास मोबाइल नहीं है, उनको फार्म भरकर सदस्य बनाया जा रहा है।




ऑफलाइन दस लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से सदस्यता अभियान के लिए तीन चरण तय किए हैं। पहला चरण 2 से 25 सितंबर और दूसरा 1 से 15 अक्टूबर और तीसरा चरण सक्रिय सदस्यता के लिए 16 से 31 अक्टूबर है। प्रदेश संगठन ने जहां पहला चरण यहां पर 2 अक्टूबर तक चलाया, वहीं अब दूसरे चरण की तारीख को भी बढ़ा दिया है। इसे बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि लाख कोशिशों के बाद भी अब तक भाजपा के 60 लाख सामान्य सदस्य नहीं बन सके हैं। पहले यह लक्ष्य 50 लाख रखा गया था, लेकिन जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर आए और उन्होंने यहां पर सदस्य बनाने की रफ्तार देखी तो लक्ष्य को दस लाख बढ़ा दिया। लक्ष्य बढ़ने के कारण इस समय भाजपा लक्ष्य से 22 लाख दूर है। अब तक 38 लाख सदस्य बने हैं। 15 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 40 लाख तक पहुंचने की संभावना है।

### बढ़ाई है तारीख

अभी 60 लाख सदस्य न बन पाने के कारण अब सामान्य सदस्य बनाने के लिए भी 31 अक्टूबर तक की तिथि तय की गई है। सक्रिय सदस्यता का अभियान भी 16 से 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा, लेकिन सामान्य सदस्य बनाने का काम भी होगा।

**- नवीन मार्कंडेय,** सदस्य, सदस्यता अभियान समिति

### ऑफलाइन सदस्य भी बना रहे

*एक तरफ भाजपा का जहां मोबाइल से मिस्ड कॉल कर ऑनलाइन सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है, वहीं अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का काम भी किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य सिर्फ उनको बनाया जा रहा है, जिनके पास कोई मोबाइल नहीं है। ऐसे लोगों से ऑफलाइन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इसके बाद इनको सभी जिलों में ऑनलाइन भाजपा के पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस समय तक 10 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर 31 अक्टूबर तक 60 लाख का आंकड़ा पार करने की योजना पर काम हो रहा है।*

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शरद पूर्णिमा पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कल

बेमेतरा। शरद पूर्णिमा पर्व पर 16 अक्टूबर बुधवार रात्रि 8 बजे से नवीन मार्केट भद्रकाली मंदिर के पास बेमेतरा में दुर्ग लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल का सम्मान किया जायेगा। सर्व हिन्दू सनातन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन भी किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवागढ़ के विधायक और प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल होंगे, अध्यक्षता बेमेतरा विधायक दीपेश साहू करेंगे। विशेष अतिथि बेमेतरा भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, साजा विधायक ईश्वर साहू, भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्वय राजेन्द्र शर्मा एवं प्रहलाद रजक, नगर पालिका बेमेतरा के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा विशेष रूप से सम्मिलित रहेंगे। आयोजनकर्ता सर्व हिन्दू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बेमेतरा के समस्त नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्य कवि पद्मश्री डा. सुरेन्द्र दुबे, प्रयाग राज उ.प्र.से श्रृंगार रस के कवियीत्री वंदना शुक्ला, हास्य पैरोडीकार पद्मलोचन शर्मा मुहफट राजनांदगांव से, बिलाईगढ़ के हास्य एवं गीतकार शशी भूषण स्नेही एवं बेमेतरा के हास्य व्यंग्य कवि रामानन्द त्रिपाठी विशेष तौर पर रहेंगे। कार्यक्रम में प्रसादी के रूप में अमृत रूपी खीर का वितरण किया जाएगा।

### कमल व शेखर ने बनाए 108 सदस्य

**बालोद।** जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया व शहर सोशल मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा ने ऑनलाइन 108 सदस्य बनाकर पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व को पूरा किया। अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करके लोगों को आध्यात्मिक संख्या 108 के तहत ऑनलाइन सदस्य बनाया व 25–25 पन्नों की पुस्तक भरकर जिला कार्यालय में जिला महामंत्री व सदस्य अभियान के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव, जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव एवं शहर मंडल में जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य कमलेश सोनी, शहर सदस्यता अभियान के संयोजक अमित चोपड़ा, शहर महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी के समक्ष जमा किया।

### पेंशनरों को बताया साइबर ठगी से बचने के उपाय

**डौंडीलोहारा।** सोमवार को स्थानीय पेंशनर भवन में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा पेंशन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय प्रबंधक कांकेर अर्नब सिन्हा, सहायक प्रबंधक सरोजकुमार, मुख्य प्रबंधक वाई गोपाल कृष्णन, मुख्य प्रबंधक बालोद गौरव भटनागर, मुख्य प्रबंधक डौंडी लोहारा योगेन्द्र सहारे उपस्थित थे। उन्होंने पेंशनर्स के हित में बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर ठगी से बचने के उपाय भी बताए। उन्होंने जीवित प्रमाण पत्र भरने का सुझाव दिया । शिविर में पेंशनरों के हित में लगातार कार्य करने वाले पेंशनरों सियाराम शार्वा, चुन्नीलाल साहू, एन. आर. गंगबोईर, संतराम सुधाकर, एसआर शर्मा रामेश्वर ठाकुर एवं भोमनसिंह ठाकुर का शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

## आयोजन: नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का साहू ने किया लोकार्पण

# दशहरा असत्य, अहंकार, अत्याचार व बुराई पर विजय का पर्व : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र में ग्राम लेंजवारा ,गुधेली में हर वर्ष की भांति इस बार भी दशहरे का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू ने कहा कि रामलीला और दशहरे जैसे पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं, जो हमें धर्म, सच्चाई और मर्यादा का पालन करने की शिक्षा देते हैं। ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में विधायक दीपेश साहू का विशेष सम्मान भी किया गया। विधायक ने नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया गया।

- विधायक का ग्राम लेंजवारा ,गुधेली में किया गया सम्मान

विधायक श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि के समापन के साथ ही त्योहारों का सिलसिला आरंभ हो जाता है। दुर्गा पूजा के बाद मनाया जाने वाला दशहरा असत्य, अहंकार, अत्याचार और बुराई पर सत्य, धर्म और अच्छाई की विजय का पर्व है। इस दिन को भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की हमेशा जीत होती है, चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी हों। हमें अपने अंदर छिपे अहंकाररूपी रावण को निकाल फेंकना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा, "दशहरा न केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, बल्कि यह हमें समाज के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा भी देता है। रामलीला के माध्यम से हम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हैं। मुझे खुशी है कि सनातन युवक मण्डल डुडार इस प्रकार के सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से हमारी धरोहर को सहेजने का कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और युवाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला के विभिन्न दृश्यों के मंचन से हुई, जिसे दर्शकों ने बड़े चाव से देखा। इसके बाद रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अवधेश सिंह चंदेल पूर्व विधायक, योगेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन, यशवंत वर्मा मण्डल अध्यक्ष, पोषण वर्मा, राहुल टिकरिहा, रूखमणि ठाकुर सरपंच, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा टंकेश वर्मा, भोला शंकर वर्मा, ओमप्रकाश पाण्डेय, त्रिलोचन वर्मा, नारायण प्रशाद चौधरी, प्रेमलाल वर्मा, डॉ जीतेन्द्र कुमार वर्मा, चंद्रकांत परगनिया, देवलाल साहू, परमेश्वर साहू जीवन साहू, रामकुमार वर्मा, मानसिंग वर्मा, मोहन साहू दीनानाथ साहू, टिकेंद्र साहू, राहुल साहू, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है दशहरा : योगेश

**बेरला।** नगर पंचायत कुसमी में शनिवार को दशहरा विजय दशमी के पावन पर्व में रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने राम लीला का मंचन किया। कुसमी में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने कहा कि हिन्दू सनातन समाज के लिये विजय दशमी गर्व का दिन है। विजय दशमी का पावन पर्व हम सब असत्य पर सत्य की जीत व बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप में मनाते हैं। आज के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चन्द्र जी ने अहंकार रुपी रावण क वध किया था और अंदर जो बुराई रुपी रावण को मारना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को प्रभु श्री राम के बताएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में संतोष साहू मोहन साहू लाला साहू देव कुमार साहू मोंटी साहू शंकर साहू मनोज सिन्हा नरेश राय यशवंत टंडन समेत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# राखी और गणेश उत्सव से पहले लिए गए सैंपल की जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

दशहरा के बाद अब दीपावली तक केवल बेमेतरा जिले में ही 2 करोड़ से ज्यादा की मिठाइयां अपेक्षा के अनुरूप बिकेगी। दुकानों में मिठाइयां मिलावटी या हानिकारक नहीं है, इसकी जांच का जिम्मा जिला खाद्य एवं औषधि विभाग के पास है। पर विभाग की लेबोरेटरी की जांच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राखी और गणेश उत्सव के पहले कई दुकानों से सैंपल लिए गए लेकिन एक भी दुकान की जांच रिपोर्ट आज तक नहीं आई है। अब एक बार फिर त्योहार सीजन शुरू होने के पहले लाखों-करोड़ों के मिठाई कारोबार होगा। जिला खाद एवं औषधि विभाग का दावा है कि जल्द ही मिठाइयों के सैंपल लेने का काम शुरु कर दिया जाएगा। लेकिन, सैंपलों की जांच रिपोर्ट कब और कैसे आएगी या तय नहीं है पिछले दो दशक से हर साल त्योहारों के पहले मिठाइयों के सैंपल लिए जाते हैं लेकिन कभी भी त्यौहार के समय किसी भी सैंपल की रिपोर्ट नहीं आती इस वजह से शहर एवं ग्रामीण अंचलों के लोगो को पता ही नहीं चलता है की मिठाइयां खराब है या मिलावटी ?

- त्योहारों पर जिले में करोड़ों की मिठाइयों का होता है कारोबार, पर जांच में कोताही

### दूसरे शहरों से आता है नकली खोवा

मिली जानकारी के अनुसार शहर व जिले के ब्लॉक में त्यौहार के समय बनारस,नागपुर ,इंदौर और कुछ शहरों से नकली खोवा भी मंगाया जाता है। इस साल भी इसकी आवक होना है। पिछले साल दिवाली के समय प्रदेश के बिलासपुर ,रायपुर में कई क्विंटल सिंथेटिक मिलावटी खोवा पकड़ा गया था । जांच के दौरान यह भी सामने आया था कि नकली खोवा बनाने के लिए 200 मिली लीटर दूध में 10 ग्राम वाशिंग पाउडर ,यूरिया,800 एमएल रिफाइंड तेल या घटिया वनस्पति घी को पानी में डालकर मिलाया जाता है। इस तरह 1 लीटर दूध से 20 लीटर सिंथेटिक दूध तैयार किया जाता है।इसी सिंथेटिक दूध से खोवा बनाया जाता है। इस तरह तैयार खोवे को असली खोवा बताकर दुकानदारों को बेचा जाता है । विशेषज्ञ का कहना है कि यह सेहत के लिए खतरनाक होता है।

### ज्यादातर दुकानदार नहीं लिख रहे हैं एक्सपायरी डेट

मिठाइयों की शुद्धता की जांच के लिए एवम बासी मिठाई खाने से बचने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 1 अक्टूबर 2021 से बाजार में बिकने वाली खुली मिठाइयों पर एक्सपायरी डेट लिखने के आदेश दिए थे। इसमें छोटी-बड़ी सभी दुकानों पर मिठाई बनाने, कब तक खाना है की पूरी जानकारी मिठाई ट्रे के ऊपर लिखना जरुरी है। अब तक यह सुविधा पैकिंग वस्तुओं पर लागू थी, लेकिन इसे देश में खुली वस्तु की बिक्री पर भी लागू कर दिया है। लेकिन ज्यादातर मिठाइयों की दुकानों में इसका पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। कुछ व्यावसायिक संस्थान जरूर नियम का पालन कर रहे हैं, लेकिन वह भी रोज तारीख बदलते हैं, माल नहीं। अभी तक उचित कार्रवाई नहीं होने से व्यपारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वहीं, मिठाई व्यवसाईयों का कहना है कि 80 फ़ीसदी मिठाई का काम असंगठित क्षेत्र से होता है, ऐसे में इस तरह के नियम दुकानदारों को परेशान करने के लिए हैं। 3 साल पहले बने बनाए यह नियम अप्रासंगिक हैं।

### प्राचार्य घृतलहरे ने नवप्रवेशित छात्र-अध्यापकों का तिलक लगा किया स्वागत

# माता-पिता के सपनों को तन्मयता और उत्साह के साथ करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थी, अध्यापकों का मुख्य अतिथि प्राचार्य जे के घृतलहरे ने पहले दिन आज तिलक लगाकर स्नेहिल स्वागत करते हुए अभिनंदन किया। प्राचार्य ने कहा कि बेमेतरा के डाइट को एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया है। यह एक प्रशिक्षण संस्थान है, यहां प्रेरणा लेकर स्वयं सीखना पड़ता है। स्वयं भी प्रेरित होते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं।

यहां अध्ययन और अध्यापन दोनों का कार्य होता है। एक विजन और लक्ष्य लेकर के आप सबको आगे बढ़ना है। अपने मां बाप के सपनों को पूरी ईमानदारी, तन्मयता और उत्साह के साथ पूरा करना है। आप सब भविष्य के शिक्षक हैं। आपको शिक्षक के बहुत सारे गुणों को ग्रहण करना है। किसी भी व्यक्ति की पहचान व याद उसके कार्य और उसके व्यवहार से ही होती है। जीवन में बेहतर से बेहतर की तलाश कर अपने भविष्य को, अपने कैरियर को उज्जवल बनाएं। आपको जिंदगी के हर मोड़ में शिक्षक मिलेंगे आपको उनके अच्छे विचारों को, गुणों को ग्रहण कर आगे बढ़ना है। डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू ने कहा कि आपके सीनियर छात्र अध्यापक आपके लिए आदर्श हैं। संस्थान के सभी शिक्षक आपके आदर्श हैं, उनकी अच्छी बातों को अपने जीवन में उतरने का प्रयास करें। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, डॉ. बसुबंधु दीवान, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापक डाकवर, उत्पल गायकवाड़, निपेन्द्र, एकता देवांगन, दिव्या, नीलम सेन, संजय आदि ने भी संबोधित कर नवप्रवेशित छात्र अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं।

ये रहे उपस्थितः इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता पीएसटीई प्रभारी अनिल सोनी, जीएल खुटियारे, तुकाराम साहू, राजकुमार वर्मा,कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

## मरार समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ



**बालोद।** झलमला के मरार समाज के सामाजिक भवन में बालोद राज के नव नियुक्त अध्यक्ष गिरिधर पटेल झलमला के साथ उपाध्यक्ष खोरबहरा पटेल, सुनील पटेल, सचिव हरिश्चन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष रोहित पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष निर्देश पटेल व अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, जिला अध्यक्ष बालोद यज्ञदेव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष खेलू राम, संगठन सचिव केशव राम, प्रदेश कोषाध्यक्ष केदार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ कोमल, प्रदेश सलाहकार दयाराम सूर्यवंशी, संरक्षक बालोद राज पुरूषोत्तम पटेल, संयोजक ब्रम्हदेव, संरक्षक बिंदुराम, सर्व माली समाज संरक्षक हरीश, संरक्षक बालोद राज थानसिंग, अध्यक्ष गुण्डरदेही राज संतु राम , अध्यक्ष सिबदी राज द्वारिका प्रसाद, सचिव लोहारा राज बेदलाल, सचिव सोरर राज पुनीत राम, संरक्षक बालोद जीवन पटेल एवं समाज सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा 24 को करेगा धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री, सचिव के नाम सोमवार को ज्ञापन सौंपा।

- समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

शिक्षक संघर्ष मोर्चा इससे पहले शिक्षा विभाग व लोक शिक्षण संचालनालय के उच्चाधिकारियों से कई दौर की वार्ता कर चुके हैं, परंतु अभी तक कोई सार्थक पहल होते नहीं दिख रही है। ऐसे में प्रदेश के संविलियन प्राप्त शिक्षक आक्रोशित हैं। प्रदेश के कर्मचारी केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता व एचआरए को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। ऐसे में शिक्षक मोर्चा द्वारा 24 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में बड़े धरना प्रदर्शन की घोषणा की गई है। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक जितेंद्र शर्मा, दिलीप साहू ने बताया कि कर्मचारियों व शिक्षकों की लगातार उपेक्षा ही हमारे आक्रोश का कारण है। संविलियन प्राप्त शिक्षकों की अपनी एक अलग समस्या है, जिसके लिए हमारा शिक्षक मोर्चा प्रयास कर रहा है। मोदी की गारंटी में वर्तमान सरकार द्वारा लिए गए संकल्प कि सहायक शिक्षकों समेत सभी वर्गों के वेतन में व्याप्त विसंगति को दूर करने की बात कही गई थी। संविलियन वर्ष से सेवा गणना करने से हमारी पूर्व की कई वर्षों की सेवा अवधि शून्य मानी जा रही है। इसके अभाव में क्रमोन्नति अथवा पदोन्नति नहीं मिल पा रही है। ऐसा न होने से संविलियन प्राप्त शिक्षकों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है।

## केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज ने जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024" के तहत ली बैठक

# सभी सरकारी व गैर-सरकारी भवनों में सुनिश्चित करें जल संचयन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार (आईआरएस) ने सोमवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में "जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024" के तहत जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी केंद्रीय भूमिजल बोर्ड रायपुर डॉ रजनी कांत शर्मा साथ थे। संबंधित विभिन्न विभागों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, कृषि, जनपद, महिला एवं बाल विकास, जलसंसाधन, सहित नगरीय निकाय के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने बैठक में जिले में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए की गई योजनाओं की जानकारी ली और भविष्य की कार्य योजनाओं पर चर्चा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से अभियान की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जल संसाधनों के प्रबंधन, वर्षा जल के संचयन और जिले में जल संकट को कम करने के लिए की गई पहल पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक के दौरान जिले में जल संचयन के लिए किए गए कार्यों की सराहना की और आगे की कार्य योजना पर चर्चा की।

- अभियान को सफल बनाने सभी विभागों के अधिकारियों को मिलकर कार्य करने को कहा




**जन-जन तक पहुंचाएं जल संरक्षण का संदेशः** श्री कुमार ने जल शक्ति अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी अधिकारियों को मिलकर कार्य करने कहा, जिससे जिले में जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ग्रामीण जनों को जागरूक करने के साथ जल संचयन करने के बारे में बेहतर तरीक़े से समझाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल के प्रत्येक बूंद को सहेजना और जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने सभी स्कूल भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### विद्यार्थियों को साथ लेकर चलाएं जागरुकता अभियान

श्री कुमार ने स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी कहा, ताकि अभियान का उद्देश्य भी सफल हो। नोडल श्री पंकज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जल सरंक्षण की दिशा में कार्य योजना बनाकर कार्य करें और लोगों को इस अभियान से जोड़ें। बैठक में श्री कुमार ने कहा कि जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी भवनों में जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया और लोगों को जल बचाने के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिससे ज़िले में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में बेहतर काम हो। सभी अधिकारियों ने जल संरक्षण को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विभागों के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। सीईओ ज़िला पंचायत अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन सीजी चन्द्र शेखर शिवहरे ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411